वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
www.csir.res.in

सं. 3-2(ए)/2023-ई.I (आरसी) **दिनांक: 17.01.2024**

सूचना

विषय: सीएसआईआर (CASE-2023) में अनुभाग अधिकारी और सहायक अनुभाग अधिकारी के पद के लिए चरण-I (पेपर I और पेपर II) परीक्षा की अनुसूची और प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से संबंधित ।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में, भर्ती के लिए परीक्षा नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी:

क्रमांक	**पद और परीक्षा का नाम**	**परीक्षा की तारीखें**	**रिपोर्टिंग समय**
1	अनुभाग अधिकारी एवं सहायक अनुभाग अधिकारी **चरण I परीक्षा** पेपर I: सुबह का सत्र पेपर II: दोपहर का सत्र परीक्षा का तरीका: **सीबीटी**	**05.02.2024 से 20.02.2024 तक** अभ्यर्थी के लिए **चरण I** परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाएगी जैसा कि प्रवेश पत्र में इंगित किया गया है।	**पेपर - I :** **रिपोर्टिंग समय:** प्रातः 08.30 बजे **परीक्षा का समय:** प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक **पेपर II:** **रिपोर्टिंग समय**: दोपहर 01.30 बजे **परीक्षा का समय:** दोपहर 03.00 बजे से सायं 05.30 बजे तक

2. उपर्युक्त पदों के लिए परीक्षा के प्रवेश पत्र उपर्युक्त परीक्षा शुरू होने की तारीख से कम से कम 10 दिन पहले सीएसआईआर की वेबसाइट अर्थात https://www.csir.res.in/career-opportunities/recruitment/archive-recruitment पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

3. अभ्यर्थियों को अपने पंजीकृत ईमेल आईडी और जन्म तिथि का उपयोग करके अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में शामिल होने से पहले प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। ध्यान दिया जाए कि परीक्षा केंद्र में बदलाव से सम्बन्धित किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. मॉक टेस्ट लिंक पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए अपनी पंजीकृत ईमेल आईडी (जंक/स्पैम फ़ोल्डर्स सहित) की जांच करें।

5. जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रलिपिक (स्क्राइब) का विकल्प चुना है, उन्हें प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का प्रयास करने से पहले निर्धारित प्रपत्रों में प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

6. यदि किसी अभ्यर्थी को CASE-2023 के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड/चेक करने में कठिनाई होती है, तो वह हेल्प डेस्क नंबर 07969049955 पर संपर्क कर सकता है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.csir.res.in पर विजिट करते रहें।

ह./-
उप सचिव (भर्ती प्रकोष्ठ)

प्रतिलिपि:

1. आईटी प्रभाग, सीएसआईआर वेबसाइट पर इसे अपलोड किए जाने के लिए
2. कार्यालय प्रति